संपादकीय

# जंतर-मंतर का अखाड़ा

भाजपा नेतृत्व ने अगर बिल्कुल अल्पकालिक नजरिया अपना रखा हो, तो बात दीगर है। वरना, अगर पार्टी के अंदर किसी को अपने दीर्घकालिक भविष्य की चिंता है, तो उसे जंतर-मंतर से उठ रही आवाजों पर अवश्य ध्याना देना चाहिए।

पहलवानी के अंतरराष्ट्रीय अखाड़ों में भारत का नाम रोशन कर चुके पहलवानों को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अखाड़ा लगाना पड़ा, क्योंकि उनकी एक साधारण-सी मांग आज के सत्ता प्रतिष्ठान को मंजूर नहीं है। लेकिन देखते-देखते अब यह सिर्फ उनका अखाड़ा नहीं रह गया है। इस पर सत्ता पक्ष की तरफ से शिकायत जताई जा रही है कि पहलवानों के मुद्दे को अब सियासी रंग दिया जा रहा है। लेकिन यहां ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि भारतीय कुश्ती परिसंघ के प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए जब पहली बार पहलवान जंतर-मंतर पर आए थे, तब उन्होंने वहां पहुंचने वाले राजनेताओं को अपने मंच पर बिल्कुल जगह नहीं दी थी। लेकिन जब तीन महीने तक गैर-राजनीतिक ढंग से अपनी मुहिम चलाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्याय भावना पर भरोसा रखने के बावजूद उन्हें हताशा हाथ लगी, तो उसके लिए जिम्मेदार कौन है? बहरहाल, अब जंतर-मंतर सिर्फ विपक्षी राजनेताओं का ही नहीं, बल्कि किसानों और खाप पंचायत समेत तमाम तरह के सामाजिक संगठनों की गोलबंदी का भी केंद्र बन गया है।

रविवार को खाप पंचायतों और किसान संगठनों ने संघर्ष में अपनी ताकत झोंकने का इरादा जता दिया। इससे यह साफ सकेंत मिला है कि जिस तरह 2020 में शुरू हुआ किसान आंदोलन लंबा चला था, अब यह संघर्ष भी लंबा चलेगा। भारतीय जनता पार्टी को संभवत: यह भरोसा है कि इससे उसके समर्थक तबकों पर कोई फर्क नहीं पड़ता, बल्कि जाट बनाम राजपूत का टकराव पैदा का लाभ उसे देश के कुछ इलाकों में मिलेगा और साथ ही हरियाणा में जाट बनाम गैर-जाट का उसका समीकरण पुख्ता होगा, मगर यह संघर्ष देश के एक बड़े हिस्से में उबलती रही जन-भावनाओं की एक और अभिव्यक्ति का मौका भी बन रहा है। इस मामले में भाजपा पर एक "दुराचारी" को बचाने के इल्जाम लग रहे हैं। किसी भी सियासी ताकत की राजनीतिक पूंजी इसी तरह धीरे-धीरे चूकती है। भाजपा नेतृत्व ने अगर बिल्कुल अल्पकालिक नजरिया अपना रखा है, तो उसे यह बात समझ में नहीं आएगी। लेकिन पार्टी के अंदर किसी को भी अपने दीर्घकालिक भविष्य की चिंता हो, तो उसे जंतर-मंतर से उठ रही आवाजों पर अवश्य ध्यान देना चाहिए।

## स्टार्टअप के बजाय बड़ी कंपनियों की नौकरी चाहते हैं बिजनेस स्कूलों के अधिकतर विद्यार्थी

**नयी दिल्ली।** बिजनस स्कूलों से पढ़ कर निकलने वाले के अधिकतर विद्यार्थियों का रुझान बड़ी कंपनियों में नौकरी करने का होता है जबकि स्टार्टअप की ओर जाने वाले विद्यार्थी कम ही होते हैं। यह बात करियर ट्रांसफोर्मेशन प्लेटफॉर्म अनस्टॉप की सालाना कैम्पस एम्प्लॉयर ब्रांडिंग रिपोर्ट 2023 में सामने आयी है।




जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है, बी-स्कूल के तकरीबन आधे यानी 49 फीसदी छात्र बड़ी फर्मों में काम करना पसंद करते हैं, जबकि सिर्फ 14 फीसदी छात्र ही स्टार्ट-अप्स के साथ काम करना चाहते हैं।

नौकरी को लेकर छात्रों के रूझानों पर रोशनी डालने वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है, 'इससे साफ है कि स्टार्ट-अप्स को छात्रों को ध्यान में रखते हुए अपने प्रोग्राम पेश करने चाहिए। उन्हें अपने एम्प्लॉयर ब्रांडिंग गेम पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि जितने ज़्यादा लोग उनके बारे में जानेंगे, उतना ही प्रतिभाशाली छात्रों के साथ उनके जुडऩे की संभावना बढ़ेगी।

रिपोर्ट को अनस्टॉप कैम्पस हायरिंग सम्मेलन 2023 के दौरान जारी किया गया, जिसमें 500 से अधिक उद्योग जगत के विशेषज्ञों, प्रवक्ताओं, पैनलिस्ट्स एवं प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

अनस्टॉप के सीईओ एवं संस्थापक अंकित अग्रवाल ने कहा, यह रिपोर्ट नौकरी को लेकर छात्रों की पसंद-नापसंद से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर रोशनी डालती है। इसके माध्यम से कंपनियां छात्रों की सोच को बेहतर समझ सकती हैं और प्रतिभाशाली उम्मीदवारों को अपने साथ जोड़ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि बी-स्कूल के ग्रेजुएट्स अब वेतन के बजाए अपने करियर के विकास को ज़्यादा महत्व देते हैं।

सर्वेक्षण में पाया गया कि बी-स्कूल से पढ़े 50 फीसदी विद्यार्थियों ने अपेक्षाकृत कम सीटीसी (कास्ट टू कंपनी) और फिक्स्ड कम्पोनेन्ट से संतोष किया पर जो विद्यार्थी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं उन्हें ज़्यादा सीटीसी की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रतियोगिता, प्लेसमेन्ट पर चर्चा, एल्युमनाई के बीच अनौपचारिक बातचीत-ये सभी पहलू एक अच्छे मॉडल का निर्माण करते हैं।

## यूआईडीएआई का आधार आपरेटर क्षमता विस्तार अभियान




**नयी दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने देशभर में फैले हजारों आधार आपरेटर की क्षमता विस्तार के देशव्यापी अभियान की शुरूआत की है।

इस अभियान के तहत आधार कार्य से जुड़ी नीतियों/प्रक्रियाओं में हुए नवीनतम बदलावों से आपरेटरों को जागरूक किया जायेगा ताकि आधार नामांकन, उन्नयन और सत्यापन प्रक्रिया में आपरेटर स्तर पर होने वाली त्रुटियों को कम किया जा सके। इससे समूचे तंत्र को अधिक मजबूती मिलेगी और सबसे महत्वपूर्ण यह कि इससे निवासियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।

इस पहल के हिस्से के तौर पर यूआईडीएआई पिछले कुछ महीनों के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों सहित कई राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में करीब दो दर्जन से अधिक प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन कर चुका है। आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में आपरेटर जमीनी स्तर पर सीधे जनता के बीच रहकर काम करते हैं और पंजीकरण, आधार कार्ड अद्यतन तथा सत्यापन जिम्मेदारी को निभाते हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि उन्हें समूची प्रक्रिया, दिशानिर्देशों और नीतियों के बारे में बेहतर समझ हो।

प्रशिक्षण के अब तक हुये सत्रों से करीब 3,500 आपरेटर और मास्टर प्रशिक्षकों को नामांकन की प्रक्रिया, आधार कार्ड को अद्यतन करने और सत्यापन प्रक्रिया के बारे में ताजा जानकारी दी गई है। ये सभी ज्ञान प्रसार प्रक्रिया की शुरुआत कर प्राप्त सूचनाओं को आगे पहुंचा सकते हैं।


इसके साथ ही यूआईडीएआई द्वारा इस साल के दौरान सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में 100 और पूर्णदिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जायेगा।

## लखनऊ करेगा द्वितीय राष्ट्रीय हैपकिडो चैंपियनशिप की मेजबानी

**लखनऊ।** नवाबों का शहर लखनऊ दक्षिण कोरिया की परंपरागत मार्शल आर्ट हैपकिडो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। यहां द्वितीय राष्ट्रीय हैपकिडो चैंपियनशिप-2023 का आयोजन 20 से 22 मई 2023 तक होगा। इस चैंपियशिप के सुचारु आयोजन के लिए गठित आयोजन समिति की केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई बैठक में आयोजन को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। चैंपियनशिप की आयोजन समिति के चेयरमैन सुधीर गर्ग (वरिष्ठ आईएएस) बनाए गए है। लखनऊ के नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व जेबीआर होटल्स के चेयरमैन विवेक सिंह को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। आयोजन सचिव हैपकिडो एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष डा.आनन्देश्वर पाण्डेय होंगे। इसके अलावा विनय कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। हैपकिडो एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैपकिडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जाने वाली इस चैंपियनशिप के मुकाबले आगामी 20 से 22 मई 2023 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित किए जाएंगे।

## भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज, 81 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर के खिलाफ 81 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। भारतपे कंपनी द्वारा दायर एक शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर और तीन रिश्तेदारों दीपक गुप्ता, सुरेश जैन और श्वेतांक जैन का भी नाम है। भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (आपराधिक



विश्वासघात), 408 (लिपिक या नौकर द्वारा विश्वास का आपराधिक उल्लंघन), 409 (लोक सेवक, या बैंकर, व्यापारी या एजेंट द्वारा विश्वास का आपराधिक उल्लंघन), 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की डिलीवरी के लिए प्रेरित करना), 467 (मूल्यवान सुरक्षा, वसीयत, आदि की जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 471 (जाली दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड का वास्तविक के रूप में उपयोग करना) और 120ई (आपराधिक साजिश) के तहत ईओडब्ल्यू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच से जुड़े एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक शिकायत प्राप्त हुई थी और आरोपों की प्रारंभिक जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। भारतपे ने एक बयान में कहा, हम ग्रोवर, उनकी पत्नी माधुरी जैन और परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा किए गए आपराधिक अपराधों के संबंध में कंपनी की शिकायत पर ईओडब्ल्यू द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने का स्वागत करते हैं। पिछले 15 महीने से कंपनी एक शातिर और दुर्भावनापूर्ण व्यवहार का सामना कर रही है जो कंपनी, बोर्ड और उसके कर्मचारियों के खिलाफ ग्रोवर द्वारा चलाया जा रहा है।

## एएफसी एशियाई कप के ग्रुप बी में भारत



दोहा 12 मई,। भारत को कटारा ओपेरा हाउस में आयोजित एएफसी एशियाई कप 2023 के ड्रॉ में ग्रुप बी में जगह दी गयी। भारत को ग्रुप में चौथा स्थान (बी4) मिला है। ऑस्ट्रेलिया, सीरिया और उज्बेकिस्तान को भी इस ग्रुप में शामिल किया गया है।

भारत ने पहली बार एशियाई कप के लगातार दो संस्करणों के लिये क्वालीफाई किया है। एशियाई कप के क्वालीफायर टूर्नामेंट में फिलीपींस के फिलिस्तीन से हारने के बाद भारत ने हांगकांग के खिलाफ अपने आखिरी क्वालीफाइंग मैच से पहले ही मुख्य टूर्नामेंट में जगह बना ली थी। ड्रॉ के दौरान अंतरराष्ट्रीय रेफरी योशिमी यामाशिता, पूर्व फुटबॉलर टिम काहिल, हसन अल हयदोस, पार्क जी-सुंग, सर्वर जेपरोव, सन वेन और भारतीय महिला टीम की कोच मेमोल रॉकी मौजूद रहीं।


ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच ग्राहम अर्नोल्ड ने ड्रॉ के बाद कहा, फुटबॉल के मामले में एशिया एक लंबा सफर तय कर चुका है। हमने इससे पहले उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेला है और हम यहां फिर से उनके खिलाफ खेलना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने फीफा विश्व कप से पहले भी कतर में काफी समय बिताया है और इंटर-कॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में पेरू पर पेनल्टी-शूटआउट जीत के साथ एशियाई कप में अपनी जगह पक्की की है। अर्नोल्ड ने कहा, यह (कतर) पिछले कुछ वर्षो से ऑस्ट्रेलिया के लिए घर से दूर एक घर रहा है और हम एशियाई कप जीतना चाहते हैं।

यह एएफसी एशियाई कप में भारत की पांचवीं उपस्थिति होगी। इससे पहले भारतीय टीम 1964, 1984, 2011 और 2019 में महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भाग ले चुकी है। वह 1964 में उपविजेता भी रहा था।

भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमैक ने ड्रॉ से पहले कहा था, ड्रॉ से पहले बड़ी उम्मीद है। प्रतियोगिता में अभी भी कुछ समय बाकी है, और मैं कहूंगा कि यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि हम तैयारी के लिए समय का उपयोग करें बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करने के कि हमारे विरोधी कौन होंगे।

## आदिपुरुष ट्रेलर लॉन्च पर कृति सेनन ने पहनी थी 24 कैरेट सोने की साड़ी

साउथ की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'आदिपुरुष' का ट्रेलर रिलीज हो गया है. इस फिल्म में बाहुबली फेम साउथ स्टार प्रभास भगवान राम के किरदार में नजर आ रहे हैं. उनके अपोजिट बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन माता सीता का रोल प्ले कर रही हैं. सीता मां के रोल में कृति शानदार लग रही हैं. वहीं ट्रेलर लॉन्च के मौके पर भी एक्ट्रेस ने अपनी यूनिक साड़ी से सबका ध्यान खींच लिया. आदिपुरुष ट्रेलर लॉन्च के दौरान कृति काफी ग्रेसफुल लुक में नजर आई थीं. एक्ट्रेस ने यहां व्हाइट और गोल्डन कलर की साड़ी पहनी थी. अब खबर आई है कि कृति की ये साड़ी 24 कैरेट सोने से बनाई गई थी.



सोशल मीडिया पर आदिपुरुष ट्रेलर लॉन्च इवेंट से कृति सेनन का साड़ी लुक काफी वायरल हो रहा है. एक्ट्रेस ने ऑफ व्हाइट और गोल्डन कलर की हैवी एम्ब्रायडरी साड़ी पहनी थी. यहां कृति बला सी खूबसूरत दिख रही थीं. एक्ट्रेस इस लुक को न्यूड मेकअप और जूड़े में व्हाइट गुलाब के फूल से कंप्लीट किया था. माथे पर बिंदी लगाए कृति किसी राजकुमारी जैसी दिख रही थीं. यूं भी कृति का शाही लुक काफी यूनिक था.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कृति सेनन ने कस्टम-डिज़ाइन की हुई केरल कॉटन की डबल-ड्रेप्ड साड़ी कैरी की थी, इसमें 24 कैरेट सोने का प्रिंट किया हुआ था. इस साड़ी को फैशन डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला ने बनाया था.

## लाल सलाम से सामने आया रजनीकांत का दमदार लुक, काला चश्मा, लाल टोपी में दिखे मोइदीन भाई

करीब डेढ़ दशक बाद ऐश्वर्या रजनीकांत ने निर्देशन में वापसी की है. 8 मई को, फिल्म निर्माता और लाइका प्रोडक्शंस ने ऐश्वर्या के निर्देशन में बनने वाली उनकी अगली फिल्म लाल सलाम का पहला पोस्टर रिलीज किया है. फिल्म में रजनीकांत का कैमियो रोल देखने को मिलेगा, जो लाल सलाम में मोइदीन भाई के रोल में नजर आएंगे. फिल्म के पोस्टर में उनके लुक से पर्दा उठ गया है. ब्लैक शेड्स के साथ सिर पर लाल टोपी और शेरवानी पहने वो पोस्टर में दमदार लुक के साथ नजर आ रहे हैं.



लाल सलाम की शूटिंग इन दिनों जोर-शोर से चल रही हैं. वहीं आधी रात को इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ, जिसमें हर कोई रजनीकांत का लुक देखकर दंग है. अभिनेता को इस लुक में पहचानना मुश्किल हो रहा है. मोइदीन भाई के किरदार में पर्दे पर छाने के लिए वो पूरी तरह से तैयार हैं.

## इक्विटी म्यूचुवल फंड योजनाओं में अप्रैल में शुद्ध निवेश फरवरी से 68 प्रतिशत नीचे

**नई दिल्ली।** शेयरों में धन लागने वाली म्यूचुअल फंड की ओपेन एंडेट (खुली) योजनाओं में अप्रैल में शुद्ध निवेश मार्च महीने की तुलना में 68.44 प्रतिशत घटकर 64.80 अरब रुपये से कुछ अधिक रहा। म्यूचुअल फंड कंपनियों के मंच भारतीय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स (एएमएफआई) द्वारा जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में इक्विटी योजनाओं की ओर धन का प्रवाह हल्का होने के बावजूद देश में इक्विटी म्यूचुअल फंड में लगातार 26वें महीने शुद्ध रूप से निवेश बढ़ा है। कुल मिलाकर, अप्रैल 2023 के दौरान ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंडों में शुद्ध प्रवाह 1240 अरब रुपये रहा, जिसमें बड़ा योगदान बड़े पैमाने पर डेट (ऋण प्रतिभूति) में निवेश करने वाली ओपेन एंडेड म्यूचुअल फंडों में निवेश को जाता है।




विश्लेषकों के अनुसार शेयर बाजार में हाल में तेजी चलते निवेशकों ने सतर्कता के तौर पर साझा कोषों की शेयर निवेश योजनाओं के कुछ पैसा फिल हाल अलग कर लिया है लेकिन इक्विटी योजनाओं का आकर्षण बरकार है। शेयर निवेश वाली योजनाओं में मार्च 2021 से लगातार तेजी है।

मार्च 2023 में, इक्विटी फंडों में शुद्ध पूंजी प्रवाह मासिक आधार पर 31 प्रतिशत बढक़र 20,534.21 करोड़ रुपये था जो तब एक साल का उच्च स्तर था। फरवरी में इक्विटी योजनाओं में शुद्ध प्रवाह 15,685.57 करोड़ रुपये था। मोतीलाल ओसवाल एएमसी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने एएमएफआई के ताजा आंकड़ों पर कहा,

'मार्च'23 के मुकाबले अप्रैल'23 में सकल प्रवाह का कम होना बाजारों में पिछले कुछ समय की तेजी के प्रति निवेशकों का सतर्क रुख झलकता है। पर यह भी दिख रहा है कि मोटे तौर पर शेयर बाजार और शेयरों उन्मुख म्युचुअल फंडों में निवेशकों की दिलचस्पी बरकार है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज मन खुश हो जाएगा व भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति या कुछ सीखने के आसार हैं लेकिन आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य या मित्र आज अचानक आपके लिये मार्गदर्शक बनकर सामने आ सकता है।

***वृष :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। धर्म-कर्म के प्रति विचार सकारात्मक रहेंगे।

***मिथुन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। सामाजिक दायरा बढेगा।

***कर्क :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। विरोधी की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं रहेगा। संयम से विरोधी परास्त होंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

***सिंह :*** आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात-निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा।

***कन्या :*** आज के दिन आपको सुख-समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है।

***तुला :*** आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन अनमना सा रह सकता है। आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी।

***धनु :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाक़ात होगी।


***मकर :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

***कुंभ :*** आज आप निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है।

***मीन :*** आज आप परिश्रम करने में विश्वास रखेंगे। भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे।

## दही से बनाएं सुबह के लिए हेल्दी एंड टेस्टी नाश्ता 'अप्पे', बेहद आसान है इसे बनाना

दही तो लगभग हर घर में मौजूद होती है, तो आज हम इससे तैयार करेंगे बेहद हेल्दी एंड टेस्टी नाश्ता अप्पे, जानें इसकी रेसिपी।



**विधि :**

- एक बोल में दही, सूजी, नमक और सब्जियां डालकर मिलाएं। इसमें जरूरत भर पानी मिलाएं।
- इस मिश्रण की कंसिस्टेंसी गाढ़ी ही रखें।
- थोड़ी देर के लिए मिश्रण को ढककर छोड़ दें।


तड़का लगाने के लिए

- कड़ाही में थोड़ा सा तेल डालें। इसके बाद तड़के की सारी सामग्री को एक के बाद एक डालें। साथ ही मिश्रण भी।
- अप्पे के सांचे को तेल से ग्रीस कर लें।
- मिश्रण में फ्रूट सॉल्ट मिला लें।
- अब चम्मच से सांचे में मिश्रण भरें।
- ध्यान रखें मिश्रण को ऊपर तक नहीं भरना है।
- दोनों ओर से पका लें।
- चटनी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 62

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 061 का हल



## सू-दोकू- 62

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.061 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |